संख्या-12-985/86-2015-212/2006

प्रेषक,

गेन्दन लाल,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूतत्व एवं खनिकर्म,
उ0प्र0 शासन।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 24 मार्च, 2015

विषय- "वित्तीय वर्ष 2014-2015 में निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर 03 नये वाहन क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2953/वाहन-45/2014-15, दिनांक 27.2.2015 एवं संख्या-3137/वाहन-45/2014-15, दिनांक 17.3.2015 के के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में भूतत्व एवं खनिकर्म, निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ के उपयोगार्थ निम्न विवरणानुसार 03 निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर उनके सम्मुख अंकित 03 नये वाहनों के क्रय हेतु कुल रू0 17,80,197.00 (रू0 सत्तर लाख अस्सी हजार एक सौ सत्तानवें मात्र) की श्री राज्यपाल वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करतें है :-

क्र0सं0	पुराने निष्प्रयोज्य वाहन	क्रय हेतु प्रस्तावित नये वाहन	धनराशि रूपयों में
1	यू0आर0ए0-514	बोलेरो	5,93,399
2	यू0पी0-32 एल 3956	बोलेरो	5,93,399
3	यू0आर0ए0-516	बोलेरो	5,93,399
		योग	17,80,197.00

2- उपरोक्त वाहनों के क्रय हेतु प्रस्तावित धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के लेखाशीर्षक "2853-अलौह खनन तथा धातुक्रम उद्योग-अयोजनेत्तर-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-खनन प्रशासन की योजना की मानक मद-14-मोटर गाडियों का क्रय से वहन की जायेगी।

3- उक्त वाहनों का क्रय स्टोर परचेज/नियमों/शर्तों/प्रतिबन्धों के अनुसार किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-6-152/दस-2015, दिनांक 23 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

संख्या:- 985(1)/86-2015, तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार लेखा परीक्षा (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार लेखा एवं हकदारी (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ
(4) वित्त नियंत्रक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
(6) वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2/3
(7) निदेशक (सामग्री क्रय अनुभाग), उ0प्र0 कानपुर।
(8) अनुभागीय गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in